तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

14 शिक्षा ही सफलता की कुंजी : रिकेश



13 पूर्व गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त...








# भवन विहीन कन्या महाविद्यालय की कक्षाएं 4 साल से शाला में है संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शहर में कन्या महाविद्यालय पिछले चार वर्षो से चल रहा है परंतु भवन के अभाव में कक्षाएं शाला में लगाई जा रही है। बता दें कि वर्ष 2020 में कन्या महाविद्यालय की सौगात इस शहर को मिला है। 2021 में महाविद्यालय की शुरूआत शासकीय हरिहर स्कूल में प्रारंभ की गई। वर्ष 2022 में कन्या महाविद्यालय को शहर के कन्या शाला में शिफ्ट किया गया। वर्तमान में इस महाविद्यालय में बीए, बीकॉम एवं बीएससी की कक्षाएं संचालित है। खास बात यह है कि खुद के भवन के अभाव में महाविद्यालय की कक्षाएं कन्या शाला में सुबह 7.30 से 11.30 तक लगाई जाती है। बात यदि दर्ज संख्या की करे तो विगत वर्ष महाविद्यालय में 284 छात्राएं अध्ययनरत थी। कन्या शाला में संचालित कन्या महाविद्यालय में प्रयोगशाला उपलब्ध नहीं है। बीएससी के छात्राओं को प्रायोगिक कक्षाओं के लिए अन्य महाविद्यालय जाना पड़ता है। महाविद्यालय की छात्राएं प्रैक्टिकल के लिए शासकीय कुलेश्वरनाथ महाविद्यालय पर निर्भर है। चूंकि अधिकतर छात्राएं गांव से पढ़ने आती है इसलिए सुबह 7.30 बजे महाविद्यालय पहुंचने में बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुबह सुबह गांव से बस नहीं मिलती इसलिए बारिश में सायकल से महाविद्यालय आने की परेशानी होती है।

## प्रायोगिक कार्यों के लिए जाना पड़ता है अन्य कालेज




### स्कूल के 11 कमरों में संचालित है महाविद्यालय

कन्या महाविद्यालय के लिए शाला के ग्यारह कमरे मिले है। चूंकि परिसर में 12 बजे कन्या शाला लगती है। लिहाजा कन्या महाविद्यालय की कक्षाएं सुबह 7.30 से 11.30 तक लगाना मजबूरी है। भवन एवं परिसर के अभाव में महाविद्यालय स्तर की कई गतिविधियां आयोजित नहीं हो पाती। जिले के बड़े नगर होने के बावजूद छात्राओं को महाविद्यालय भवन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप




### सावन में सोमवार को राजिम में नहीं बिकेंगे मांस, मछली

**राजिम।** धर्म नगरी राजिम में सावन के प्रत्येक सोमवार को मांस,मछली नही बिकेगा। इस आशय की जानकारी नगर पंचायत द्वारा दी गई है। बताया गया है कि राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर एवं पार्षदो की मौजूदगी में इस व्यवसाय से संबंधित लोगो को बुलाकर बैठक की गई। जिसमें व्यवसायियो ने सावन के सोमवार में मांस,मटन,मछली,अंडा नही बेचे जाने की बात कही। यहां तक कि एग रोल बेचने वालो ने भी स्वमेव बंद करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के विकास में छोटे फुटकर व्यापारियों का भी बहुत बड़ा योगदान है, नगर के विकास में हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है। कहा कि नगर की यातायात बाधित न हो, नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने आप सब की सहयोग के बिना नगर का विकास संभव नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, पार्षद नरोत्तम राजपूत, बलराम यादव, सुरेश पटेल, अजय पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, उत्तम निषाद, यशवंत निराला तथा मांस मछली विक्रेता संघ के लोग मौजूद थे।

### बैंक कैशियर ने गबन की राशि 7 समूहों को लौटाई



**छुरा।** बैंक ऑफ बड़ौदा के कैशियर नवीन बरिहा द्वारा स्व-सहायता समूहों की राशि के गबन का मामला सुलझ गया है। गबन की गई राशि को ब्याज सहित सात स्व-सहायता समूहों को 4 लाख 772 रुपये वापस कर दिए गए हैं। इस दौरान शाखा प्रबंधक सोविक दास सहित जनपद के अधिकारी भी उपस्थित थे। जिन स्व-सहायता समूहों को उनकी राशि वापस मिली है, उनमें शारदा स्व-सहायता समूह कोडामाल, महामाया समूह जामली, भावना समूह कोडामाल, बंजारी समूह मड़ेली, राधा कृष्ण समूह परसदा खुर्द, लक्ष्मी समूह मुढ़ीपानी, और सागर समूह नागिनबहरा शामिल हैं। इस कार्रवाई से प्रभावित समूहों को बड़ी राहत मिली है।

### विक्रय के लिए धान पंजीयन अब एग्री स्टेक पोर्टल से होगा

**गरियाबंद।** आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए कृषकों का पंजीयन अब भारत सरकार के एग्री स्टेक रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर होगा। खाद्य अधिकारी अरविंद कुमार दुबे ने बताया कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान के विक्रय के लिए कृषकों का पंजीयन भारत सरकार के किसान पोर्टल एग्री स्टेक रजिस्ट्रेशन पोर्टल से होगा। पूर्व व्यवस्था अनुसार डाटा कैरी फावर्ड करने के बजाय इसे नए सिरे से पंजीकरण की प्रक्रिया अपनायी जा रही है। गरियाबंद जिले के कृषकों से अपील है कि वे अपने क्षेत्र के लोक सेवा केन्द्र, सहकारी समिति, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क ⏭ शेष पेज 13 पर

## मौसम : बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी, खांसी, बुखार के मामले बढ़े


# मौसम का पड़ने लगा सेहत पर असर अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश और मौसम में लगातार बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। अचानक तेज बारिश के बाद धूप और फिर बदली छाने से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज सबसे अधिक आ रहे हैं, जिनमें खासकर छोटे बच्चे और उम्रदराज लोग शामिल हैं। इसके अलावा, कई लोगों को उल्टी-दस्त के साथ बुखार और मलेरिया व टाइफाइड के मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन 150 से अधिक मरीज इन बीमारियों के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

### दूषित पानी और मच्छरों का प्रकोप

इन दिनों मच्छर और मक्खियों के पनपने से लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अभी भी शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। कई गांवों में लोग नदी-नाले और झरनों का पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि दूषित पानी के सेवन से टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ी है।



### बासी भोजन से बचने और पानी उबालकर पीए

इस संबंध में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेंद्र ध्रुव ने बताया कि इन दिनों सामान्य बुखार के साथ सर्दी-खांसी के मरीज अस्पताल में ज्यादा पहुंच रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गांवों में मलेरिया के मरीज भी सामने आ रहे हैं। डॉ. ध्रुव ने लोगों से बासी भोजन से बचने और पानी उबालकर पीने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लोगों को गर्म पानी उबालकर पीने और ताजा भोजन लेने की सलाह दी जा रही है ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग की तत्परता और सुझाव

मैनपुर अस्पताल में इन दिनों सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी रहती है। वनांचल क्षेत्र के गांवों से लगातार मलेरिया की शिकायतें आ रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह मुस्तैद है और गांव-गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कर रही है।



# नवापारा बस स्टैंड में मर्डर, एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बीती बुधवार की रात 9:30-10 बजे के बीच नवापारा बस स्टेण्ड में वार्ड नंबर 9 के राजा कोसरे उम्र 30 वर्ष का मर्डर चाकू मारकर किया गया। जिस वक्त यह घटना हुई उस समय बस स्टेण्ड में चहल-पहल था। जानकारी के मुताबिक मारने वाला और मृतक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और यह घटना हो गई। आरोपी को मृतक का रिश्तेदार ही बताया जा रहा है जिसकी गिरफ्तारी पुलिस द्वारा कर ली गई है। मालूम हो कि पुलिस थाना शहर से एक किमी दूर है। बस स्टेण्ड जैसे दिन भर चहल-पहल रहने वाले महत्वपूर्ण संवेदनशील जगह में पुलिस के जवानो की डयुटी नही होने के कारण इस तरह की घटनाएं आम बात हो गई है। इसके अलावा शहर के अन्य हिस्सो में भी गुंडे बदमाशों की हरकते बढ़ गई है। पुलिस का इस पर नियंत्रण नहीं है।

### टीआई का हुआ तबादला

रायपुर एसएसपी डॉ लाल उमेंद सिंह ने रायपुर जिले के 27 टीआई का स्थानांतरण आदेश गुरूवार को निकाला है। इस आदेश के तहत अब नवापारा टीआई जितेंद्र असैया का तबादला रायपुर के देवेंद्र नगर थाना में हुआ है। टीआई के तबादला आदेश की खबर सुनकर शहर के नागरिको ने राहत की सांस ली है साथ ही यहां नए टीआई दीपेश जायसवाल का स्वागत करते हुए उम्मीद किया है कि पुलिस का खौफ गुंडे, बदमाशो पर दिखे। नागरिको ने नए टीआई से अनुरोध किया है कि शहर के भीतर भी पुलिसिंग नजर आए।

इसी संदर्भ में पखवाड़े भर पहले पूज्य सिंधी गुरूद्वारा में शहर के नागरिको की सर्वदलीय बैठक व्यापारियो ने आहुत किया था। इस बैठक में विशेष रूप से एसडीएम रवि सिंह और सीएसपी करण उके को आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान ⏭ शेष पेज 13 पर

# झरियाबाहरा मोड़ पर पटवारियों की कार पलटी, तीन घायल, दो रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



गरियाबंद से ड्यूटी पूरी कर लौट रहे पांच पटवारियों की कार मंगलवार देर शाम झरियाबाहरा मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज रफ्तार और अचानक हुए हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया। आस-पास मौजूद ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और तुरंत सूचना एंबुलेंस व पुलिस को दी गई।

जानकारी के मुताबिक, सभी पटवारी ट्रिगरी खत्म कर गरियाबंद से देवभोग लौट रहे थे। कार जैसे ही झरियाबाहरा के पास पहुंची, चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दो महिला पटवारियों को कंधे में चोटें आईं, जबकि एक पुरुष पटवारी को सिर और नाक में गंभीर चोटें लगी हैं। शेष दो पटवारी बाल-बाल बच गए। घायलों को तत्काल देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दो पटवारियों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। फिलहाल तीनों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

**खतरनाक मोड़ बन रहा हादसों का कारण-** स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि झरियाबाहरा का यह मोड़ पहले से ही खतरनाक माना जाता है और पूर्व में भी यहां कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा ⏭ शेष पेज 13 पर

### बिना एचएसआरपी नंबर के वाहनों पर चालानी कार्यवाही शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में परिवहन विभाग के द्वारा बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, हेलमेट के उपयोग को लेकर एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर सघन कार्यवाही की जा रही है। नम्बर प्लेट बनवाने पूर्व में भी विशेष शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया था। अब विभाग द्वारा बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के वाहनों पर चालानी कार्यवाही शुरू हो गई है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के समस्त वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा जिला गरियाबंद अंतर्गत समस्त ब्लॉक मुख्यालयों ⏭ शेष पेज 13 पर

# रसेला का साप्ताहिक बाजार कीचड़ से सराबोर, नागरिक व व्यापारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थाओं का बोलबाला नजर आ रहा है, लगातार हो रही बारिश से बाजार में कीचड़ ही कीचड़ फैल गया है। ज्ञात हो कि हर गुरुवार को रसेला में साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसके चलते पूरा बाजार क्षेत्र कीचड़ से सराबोर हो जाने से नागरिकों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मालूम हो की तीन माह पूर्व ग्रामीण हाट-बाजार योजना के तहत वित्तीय सहायता राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड रायपुर के द्वारा नाबार्ड अनुदान राशि 15 लाख और ग्राम पंचायत रसेला के द्वारा 1,71,695 राशि प्रदान की गई है। जिसका क्रियान्वयन एजेंसी,



एग्रोक्रेटस सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के द्वारा किया गया। बाजार में कई चबूतरे बनाया गया मगर नीचे जमीन को कांक्रीट नहीं होने से दुकानदारों को अपने सामान को कीचड़ से बचाने के लिए पालिथीन और प्लास्टिक पन्नीयो का सहारा लेना पड़ रहा है तो वहीं नागरिक कीचड़ में खरीददारी करने में मजबुर हो रहें हैं। साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों ⏭ शेष पेज 13 पर


## जिले में कुपोषण दूर करने गंभीरतापूर्वक करे कार्य : कलेक्टर

# कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण लेंगे गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- कलेक्टर ने जिले के आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों की बैठक में दिए निर्देश

जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने जिला प्रशासन द्वारा बड़ी पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा गोद ली जायेगी। गोद लिए बच्चे को आंगनबाड़ी केन्द्रों में अतिरिक्त पोषण आहार एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की जायेगी। साथ ही नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, वजन मापन एवं आवश्यक ईलाज भी प्राथमिकता से प्रदान किया जायेगा। इससे बच्चा कुपोषण से मुक्त होगा। साथ ही जिले के कुपोषण दर में भी कमी आयेगी। इसके लिए कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारी ने अपने क्षेत्र के गंभीर कुपोषित बच्चों का जानकारी प्रदान कर उन्हें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं जिला अधिकारी से मेपिंग करने के निर्देश दिये।



**बालिकाओं को भी पूरक पोषण आहार दें-** कलेक्टर ने बैठक में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं गर्म भोजन भी उपलब्ध कराये। पोषण ट्रेकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की एण्ट्री करें। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करें तथा गर्भवती, शिशुवती एवं किशोरी बालिकाओं को भी पूरक पोषण आहार प्रदान करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा वहां बच्चो के लिए उच्च गुणवत्ता के पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिले में कुपोषण को दूर करने सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक कुपोषण वाले जगहों में विशेष कैंप लगाकर पूरक पोषण आहार वितरित करने एवं नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चो का स्वास्थ्य जांच भी नियमित रूप करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बाल विवाह एवं बहुविवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक पाण्डेय, डीएसपी निशा ⏭ शेष पेज 13 पर

# जुआ खेलते 4 गिरफ्तार 1250 रुपए नकद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से 1250 रुपये नगद व ताश की गड्डी जब्त की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी और जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों पर सख्ती से निगरानी की जा रही है। इसी दौरान 2 जुलाई को थाना प्रभारी देवभोग को मुखबिर से सूचना मिली




कि ग्राम खुटगांव में प्राथमिक शाला के सामने कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर ताश के 52 पत्तों से पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चार आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथ धर दबोचा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मदन साव (30), सुशांत पटेल (19), मिश्री लाल यादव (32) ⏭ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### बिजली दर में वृद्धि व कटौती के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने अंधाधुंध बिजली बिल और अघोषित बिजली कटौती का विरोध किया है। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में अधीक्षण यंत्री, कलेक्टर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बिजली दर वृद्धि वापस करने और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। जिला मुख्यालय में आप के प्रदेश सचिव संजय यादव एवं कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जुलाई महीने से बिजली की दरों में प्रति यूनिट लगभग 20 पैसे की वृद्धि जुलाई, 2025 से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है। उक्त बढ़ी हुई दरों से प्रदेश के गरीब तबके और आम जनता को स्वभावतः परेशानी निश्चित है।

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की जिला स्तरीय बैठक 5 जुलाई शनिवार को दोपहर 1 बजे मरार (पटेल) समाज के सामाजिक भवन छत्तीसगढ़ स्कूल के सामने बागबाहरा रोड़ पर रखीं गई है। जिसमें प्रमुख रूप से जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण होने के कारण निर्वाचन संबंधित चर्चा एवं निर्णय। देश के कुछ राज्यों में पिछड़ा वर्ग के कथाकारों के साथ हो रही जातिगत भेद-भाव पर समाज प्रमुखों से चर्चा एवं शासन द्वारा शिक्षा विभाग में स्कुलो के युक्तियुक्तकरण के कारण समाज पर होने वाली प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा व कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल व महामंत्री रेखराज बघेल ने बैठक में संरक्षकों व पदाधिकारियों के साथ ही एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के समाज प्रमुखों, जिलाध्यक्षों एवं बुद्धिजीवी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### दो बाइक के बीच टक्कर, मामला दर्ज

**महासमुंद।** दो बाइक के बीच टक्कर होने के मामले में सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज लहरे निवासी बनसिवनी वार्ड नं 08 ने बताया 2 जुलाई को उसके मामा भूपेंद्र टंडन का ग्राम चोरभट्टी झाडू देवता नाला के पास एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी।

वह जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि भूपेंद्र के दाहिने पैर में चोट लगी थी। पूछने पर भूपेंद्र ने बताया कि वह अपने मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजे 2001 से बनसिवनी काम से जा रहा था, सुबह करीब 10.30 बजे ग्राम चोरभट्टी झाडू देवता नाला के पास साइड में मोटर सायकल को खडी कर फोन से बात कर रहा था, तभी मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी06 एचडी 0523 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

---

आयोजन : वूमैन लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का हुआ आयोजन

# महिलाएं नेतृत्व करें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निशिचत : सरला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह गवर्नमेंट कॉलेज में वूमैन लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था नेतृत्व की शक्ति, नारी के साथ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ सरला कोशरिया उपस्थित रहीं। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विपिन उपवेजा, स्वर्ण सिंह सलूजा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरला कोसरिया, प्राचार्य डॉ संध्या भोई वह अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ भोई ने कहा कि यह संगोष्ठी महिलाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास है। श्रीमती कोसरिया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि यदि महिलाएं नेतृत्व करें, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन निश्चित है।

नारी केवल एक परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज, राष्ट्र और विश्व के निर्माण में सक्रिय भागीदार है। आज के बदलते परिवेश में नारी का व्यक्तित्व विकास न केवल उसकी आत्मनिर्भरता बल्कि सामाजिक समानता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों



द्वारा परिचर्चा की गई – जैसे कि महिला नेतृत्व की चुनौतियां, अध्यात्म, संस्कार, नैतिकता, अवसर, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की भूमिका। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वीं राष्ट्रपति और देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। वह साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची हैं। यह उनके साहस, संघर्ष, और समर्पण का प्रतीक है। द्रौपदी मुर्मू का जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण रहा है।

उन्होंने हमेशा सादा जीवन और उच्च विचारों को अपनाया। भव्यता की बजाय वह जनता से सीधे जुड़ने में विश्वास रखती हैं। अंत में उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उसके बाद महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का कार्य किया गया।

यह आयोजन ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और अतिथियो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग पीतांबर बाघ द्वारा व आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता द्वारा किया गया।

---

आंदोलन : सोसाइटी के सामने कांग्रेसियों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

# बड़ईपाली में खाद-बीज की किल्लत पर उबाल, घेराव कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रदेश में खरीफ सीजन के बीच किसानों को

- भाजपा सरकार के लिए किसान केवल वोट बैंक : द्वारिकाधीश

खाद और बीज की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर संकट को लेकर गुरुवार को बड़ईपाली सहकारी सेवा समिति का घेराव किया गया। आंदोलन का नेतृत्व खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। किसानों ने बढ़ईपाली सोसायटी के समक्ष राज्य सरकार के नाम जमकर नारेबाजी की साथ ही साथ डीएपी, यूरिया सुपर फॉस्फेट जैसे खादों की अविलंब आपूर्ति की मांग की। साथ ही गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन भी सौंपा ।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक



यादव ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार डबल इंजन और ट्रिपल इंजन की बात कर किसानों को भरमाने का काम कर रही है। इनका असली इंजन तो उद्योगपतियों की ओर चलता है, किसान तो बस इनके लिए वोट बैंक है। उन्होंने कहा कि खाद और बीज जैसी कृषि की बुनियादी जरूरतों की जबरदस्त किल्लत है, लेकिन सरकार आंखें मूंद कर बैठी है। यादव ने कहा कि यह सरकार यही नहीं रबी फसल के दौरान भी किसानों को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ी है। पहले बिजली की कटौती करके किसानों के उत्पादन को प्रभावित किया। और फिर जब ले देकर किसानों की मेहनत की कमाई धान बाजार में बिकने के लिए आई तो इस दौरान भाजपा सरकार ने अपने समर्थन मूल्य में खरीदे हुए धान की नीलामी कर दी।

### खाद संकट को लेकर कांग्रेस का बड़ा घेराव प्रदर्शन आज

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में किसानों को इस समय खाद संकट का गंभीर सामना करना पड़ रहा है। शासकीय सोसायटियों में खाद की भारी कमी है, साथ ही किसानों को घटिया और नकली खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी 4 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 11 बजे धान खरीदी केंद्र सिर्री पठारीमुड़ा मंडी परिसर बागबाहरा के में धरना प्रदर्शन और घेराव आयोजित किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव करेंगे। उनके साथ कार्यक्रम प्रभारी अधिवक्ता भरत सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर बागबाहरा के तत्वावधान से किया जा रहा है, जिसका संयोजन शहर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा।

### भूपेश सरकार के राज्य में किसान थे सुखी

विधायक यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार के शासनकाल के दौरान जो किसान समृद्धि और कर्जमुक्त हुआ था उसे फिर कर्ज के बोझ में दबाकर इस ट्रिपल इंजन वाली सरकार का योजनाबद्ध तरीके से किसान को तोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को मैं आगामी विधानसभा सत्र में पूरी ताकत से उठाऊँगा। सरकार को जवाब देना होगा कि आखिर क्यों छत्तीसगढ़ के किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं।

### खाद बीज की कमी को लेकर किसानों का फूटा गुस्सा

प्रदर्शन में शामिल किसानों ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब खाद के लिए परेशान होना पड़ा हो। हर साल सरकार वादे करती है, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलता और फिर खेत में पैदावार घट जाती है। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर खाद की आपूर्ति नहीं होती, तो आंदोलन को ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक ले जाया जाएगा।

### आंदोलन में इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्रोण चंद्राकर, ओमप्रकाश चक्रधारी, सुदर्शन मुन्ना, पूनम दास मानिकपुरी, बुद्धेश्वर डडसेना, घनश्याम धांधी, केशव साहू, दुर्गा सागर, भूमिका ध्रुव, हेमलता साहू, दिनेश्वरी ठाकुर, प्रेमचंद साहू, रामदास मानिकपुरी, मदन सिंह ध्रुव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक जनतथा कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पिथौरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह दीवान ने किया।

---

# जिले के सहकारी समिति झालखम्हरिया में खाद की पर्याप्त उपलब्धता



## किसानों को मिल रही जरूरत के अनुसार खाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कृषि कार्यों के लिए आवश्यक खाद-बीज की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महासमुंद जिले की सहकारी समिति झालखम्हरिया में खाद का पर्याप्त भंडारण किया गया है। जिले में कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की खाद उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसानों को सहज रूप से खाद प्राप्त हो रही है। सोसायटी प्रबंधक भोजराम साहू ने बताया कि उपलब्ध खाद में यूरिया 222.57 टन, सुपर फॉस्फेट 30 टन, पोटाश 31.95 टन, डीएपी 161.60 टन, एनपीके 12.50 टन शामिल है। वर्तमान में 64.10 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। किसानों की मांग के अनुरूप खाद का सतत वितरण जारी है। इस सोसायटी में खाद लेने आए लघु कृषक संदीप विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा खाद की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें तत्काल खाद प्राप्त हो सका। उन्होंने आज 6 बोरी डीएपी, 10 बोरी नीम लेपित यूरिया, और 2 बोरी पोटाश प्राप्त किया। संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि खाद वितरण की इस सरल और पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को काफी राहत मिली है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार किसानों को खाद-बीज समय पर और आसानी से उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

---

# रूरल मेडिकल असिस्टेंस संघ ने की नवपदस्थ सीएमएचओ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तेंदूकोना

बुधवार को नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नागेश्वर राव से रूरल मेडिकल असिस्टेंस (आरएमए) संघ ने सौजन्य मुलाकात कर पुष्प भेंट की। इस अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आरएमए संघ की प्रांतीय टीम के संभाग अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मेंद्र सिन्हा, जिला अध्यक्ष तोरण चंद्राकर, शोभा शर्मा, मनीराम साहू, खेमू सोनकर, प्रवीण साहू, सुभाष पटेल, द्वारिका पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। साथ ही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर



(बीएमओ) तुमगांव, डॉ. विकास चंद्राकर भी इस आयोजन में शामिल हुए।

संघ के सदस्यों ने डॉ. नागेश्वर राव को उनके नए दायित्व के लिए हर्ष जताते हुए उनके नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर डॉ. राव ने आरएमए संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जनसामान्य तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### एनर्जी पार्क, साइंस सेंटर और पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव के छात्रों ने रायपुर में एनर्जी पार्क, छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर और पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें उन्होंने विज्ञान, ऊर्जा और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जाना। शिक्षकों ने पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य एल कुरील ने सुरक्षा सावधानियों पर जोर दिया। एनर्जी पार्क में छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के बारे में जाना। वैज्ञानिक मॉडल और गतिविधियों ने विज्ञान को रोचक बनाया। छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर यह विज्ञान संग्रहालय इंटरेक्टिव प्रदर्शनियों के माध्यम से विज्ञान को समझाता है। छात्रों ने भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान की मूल अवधारणाएं सीखीं, जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा बढ़ी। पुरखौती मुक्तांगन यह खुला संग्रहालय छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और कला को दर्शाता है। छात्रों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प और जीवन शैली को समझा, जिसने सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाया। शैक्षिक भ्रमण के लिए धीवर, पवन कुमार डड़सेना, कामता साहू, ज्योति सिंह, सविता ध्रुव, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सत्यम पांडे, नवीन कुमार दास, सागर झा, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, सजल चंद्राकर, डोलेश होता, लोकेश साहू, बरखा शर्मा, रेणुका साहू, प्रगति साहू और नलिनी ध्रुव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### चक्रवात के असर से हुई क्षेत्र में बारिश



**नर्रा।** द्रोणिका और चक्रवात के असर से मौसम में बदलाव के कारण बुधवार रात से शुरू हुई हल्की बारिश सुबह तक होती रही। अभी भी क्षेत्र के किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। तभी किसानी कार्य में तेजी आएगी। आषाढ़ माह कुछ दिनों शेष है। अभी भी बोनी कार्य अंतिम चरण पर चल रही है। वही ट्यूबवेल साधन वाले किसानों का रोपाई कार्य जोर शोर से जारी है।

---



### मच्छरों को नियंत्रित करने नालियों में चलाई जा रही फॉगिंग मशीन

**महासमुंद।** बरसात के मौसम में मच्छरों के प्रजनन रोकने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शहर के नालियों में फॉगिंग मशीन से मच्छर रोधी धुएं डाले जा रहे हैं। शहर में मच्छरों के आतंक रोकने नपाध्यक्ष साहू ने संबंधित अधिकारी को नालियों में फॉगिंग मशीन चलाने के लिए निर्देशित किए थे। जिसके परिपालन में नालियों में फॉगिंग मशीन चलाई जा रही है। साहू ने कहा कि नगर में मच्छरों की बढ़ती संख्या को फॉगिंग मशीन से कुछ हद तक रोका जा सकता है। फॉगिंग मशीन मच्छरों को नियंत्रित करने और बीमारियों को फैलने से रोकने का एक तरीका है। फॉगिंग मशीन, कीटनाशक को धुएं या कोहरे के रूप में छोड़ती है, जिससे मच्छर और अन्य कीड़े मर जाते हैं। नालियों में फॉगिंग करने से, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को लक्षित किया जा रहा है। जिससे उनकी आबादी को कम करने में मदद मिलेगी।

---

युक्तियुक्तकरण से हुई शिक्षकों की पदस्थापना

# मुडियाडीह एवं नांदबारू में शिक्षा की नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

1994-95 से एकल शिक्षकीय के रुप में संचालित हो रहे महासमुंद विकासखंड के प्राथमिक शाला मुडियाडीह (पासिद) और प्राथमिक शाला नांदबारू में अब शिक्षक और संसाधन की कमी नही होगी। शासन द्वारा लागू युक्तियुक्तकरण नीति के चलते इन शालाओं में नए सेटअप का लाभ यहां के छात्रों को मिलेगा।

तीन दशकों से इन विद्यालयों में एकमात्र शिक्षक के भरोसे शिक्षा व्यवस्था चल रही थी। सीमित संसाधनों और भारी जिम्मेदारियों के बावजूद शिक्षकगण पूरी निष्ठा से कार्य करते रहे, लेकिन कई शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावी ढंग से




संचालित नहीं हो पा रही थीं। सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत इन विद्यालयों को द्वि-शिक्षकीय स्वरूप मिला। पहली बार यहां दूसरे शिक्षक की पदस्थापना की गई। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि इन विद्यालयों के लिए शैक्षणिक परिवर्तन का सकारात्मक पल था। दूसरे शिक्षक के आने से बच्चों के चेहरे पर नई ऊर्जा और उत्साह देखा गया। पढ़ाई अब और व्यवस्थित हुई, समूह कार्य, खेल, गतिविधि आधारित शिक्षण और व्यक्तिगत ध्यान संभव हो सका। गांववासियों ने भी इस बदलाव का दिल से स्वागत किया। पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर पालकगण तक, सभी ने शासन के इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे सच्चे मायनों में शिक्षा का सशक्तिकरण बताया। प्राथमिक शाला मुडियाडीह (पासिद) और नांदबारू आज उन विद्यालयों की श्रेणी में आ चुके हैं, जहां गुणवत्ता आधारित शिक्षण की बुनियाद और मजबूत हो रही है। इस बदलाव को एक सफलता के रूप में महसूस किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की नीति और इच्छाशक्ति से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रतिमान गढ़ा जा सकता है।

---



### संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक

**महासमुंद।** 3 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष येतराम साहू की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पार्टी के शीर्ष संगठन द्वारा आगामी समय के लिए बूथ स्तर पर जो कार्यक्रम दिए है उन्हें सभी अपने अपने बूथों में जिम्मेदारी से आवश्यक रूप से पूरी करें। बूथ भाजपा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई है और बूथ समिति के लोगों का स्थानीय स्तर पर वहां के नागरिकों से जनसम्पर्क और संवाद होता है। येतराम साहू ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो और कार्यक्रमों को लेकर हम सभी को बूथ स्तर पर सतत नागरिकों के सम्पर्क में रहना है। बताया गया कि 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती बूथों में मनाई जाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक बूथों में लगाया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा एवं आभार हनीश बग्गा ने किया।

## खबर संक्षेप

### जल संसाधन में चीफ इंजीनियर का पद खाली नहीं हुई पोस्टिंग

**रायपुर**। जल संसाधन विभाग में चीफ इंजीनियर का पद खाली हो गया है, लेकिन इस पद पर अब तक किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है।चीफ इंजीनियर के पद पद इंद्रजीत उईके पदस्थ थे, वे 30 जून को रिटायर हो गए। इसी समय नए अधिकारी की नियुक्ति की जानी थी, जो 2 जुलाई तक नहीं हो सकी है। बताया गया है कि विभाग में इस पद के दो दावेदार हैं। इनमें एक जेआर भगत औऱ दूसरे दीपक अभूमेहकर हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों में से किसी एक को विभाग का यह प्रमुख पद मिलने की संभावना है।

### पूर्व राज्यपाल दत्त के निधन पर किया शोक व्यक्त

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### महिला संग्राहकों को मिलेगी चरण पादुका

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से चरण पादुका वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत बीजापुर जिले के 54 हजार 330 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में चरण पादुका योजना संचालित की जा रही है।

### आईटीआई कुरूद में 11 को कैंपस इंटरव्यू

**धमतरी**। गवर्नमेंट आईटीआई कुरूद में 11 जुलाई शुक्रवार प्रातः 11 बजे सोलर सेक्टर में प्लेसमेंट कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया है जिसमें ट्रेड इलेक्ट्रीशियन पास आउट व अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत कैंडिडेट सम्मिलित हो सकते हैं।

**आयोजन :** शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान एवं जीवन उपयोगी कौशल भी जरूरी

# शिक्षा ही सफलता की कुंजी : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव शिव मंदिर प्रांगण हरदी में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा, शिवांगी चतुर्वेदी आसीन थे। विशिष्ट तिथि के रूप में कुलेश्वर सोनवानी, सुखबती टांडे, गोमती संतु ध्रुव, रूपनाथ बंजारे, चंपा कंवर, चमन लाल यादव मंचासीन थे। अतिथि के रूप में हरीश साहू, जगदीश यदु, राजू साहू, रामलाल कुलदीप, मानसिंह निषाद, मुंगेश्वरी ठाकुर, अशोक ठाकुर, सुजल कोठारी, दिशांक चंद्राकर, तुलसी साहू, राकेश शर्मा, भरत साहू विराजमान थे। अतिथियों का भव्य स्वागत पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप एवं स्काउट गाइड द्वारा हर्ष हर्ष जय के निनादों के साथ हुआ। हरदेश्वर नाथ भगवान शिव एवं मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि के आसंदी से विधायक रोहित साहू ने बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि व्यावहारिक ज्ञान एवं जीवन उपयोगी कौशल भी उतना ही जरूरी है। आज का विद्यार्थी जितना अधिक सीखने को उत्सुक रहेगा उसका भविष्य उतना ही उज्जवल होगा। संस्कार जीवन का मूल है। साहू ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम करने से सफलता जरूर मिलेगी। मंजिल पाने के लिए सपना देखना जरूरी है। विधायक रोहित साहू द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला हरदी में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख, टीना शेड निर्माण हेतु 10 लाख, तुमगांव में आंगनबाड़ी भवन, डांगनबाय में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख का घोषणा किए। मीरा ठाकुर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षा जीवन की नींव है। शिक्षा, शेरनी का वो दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा। विकास का नया आयाम गढ़ना है तो पढ़ना होगा। विशेष अतिथि की आसंदी से जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि बच्चों के विकास में पालको की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

■ खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हरदी में हर्षोल्लास से संपन्न



#### खरगोश की भांति लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें

जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चे मोबाइल से दूर रहे किताबों से दोस्ती करें। किताब वो रोशनी है जो सारे अंधकार को दूर करता है। जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने कहा कि खरगोश की भांति लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। उपसरपंच संघ के अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे द्वारा मांग पत्र वाचन किया गया। प्रतिवेदन वाचन सह स्वागत अभिभाषण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले ने कहा कि बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए छुरा विकासखंड सदैव प्रतिबद्ध है। हमारे द्वारा बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक से सफलता अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिसके फलस्वरुप बोर्ड परीक्षाओं में छुरा विकासखंड उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा, प्रयास आवासीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रतियोगी परीक्षाओं में भी हमारे बच्चों ने बड़ी संख्या में सफलता अर्जित किया है। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

#### उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान



विधायक रोहित साहू द्वारा पारितोषिक राशि 5000 रुपए प्रदान किया गया। 10वीं, 12वीं में विकासखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। हरदी के बच्चों द्वारा विविध स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को भी सम्मानित किया गया। दिव्यांग बच्चों को लो विजन किट, श्रवण यंत्र, टीएल किट, स्मार्ट यंत्र, हैंड मेनीफायर आदि सामग्री वितरित किया गया। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। सरस्वती सायकल योजनांतर्गत नवमी के बच्चों को साइकिल वितरण किया गया। शिव मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राधे साहू एवं स्काउट मास्टर अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन ने किया। स्काउट गाइड, एनएसएस, रेडक्रॉस के बच्चों ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य एनसी साहू, केके साहू, गिरजा शंकर देवांगन, प्रदीप मिश्रा, कृष्णा यादव, प्रधान पाठक सुखेश्वर पंकज, तिवारी, समन्वयक विनोद सिन्हा, संतराम कंवर, संतोष साहू, खोरबाहरा निषाद, मनहरण यादव, विनोद चंद्राकर, प्रेमनारायण ध्रुव, माधव ध्रुव, पंकज साहू नंदझरोखा कुर्रे, केशव विश्वकर्मा, योगेंद्र साहू, केदार साहू, अशलम कुरैशी, सुषमा गिलहरे, प्रकाश ध्रुव, घनश्याम यादव, बालकृष्ण, राकेश देवांगन, जितेन्द्र साहू, त्रिलोक ध्रुव, महेन्द्र साहू, रणवीर कुर्रे, प्रवीण द्विवेदी, एकता कुर्रे, वीरेन्द्र ठाकुर, सुदामा लोधी, गिरवर ध्रुव, सहित सभी संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





## पूर्व गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास अमलीपदर रथयात्रा महोत्सव में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जीमहाराज आज मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में आयोजित श्री भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। शोभा यात्रा में उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक आचार्य युवराज पांडे जी का शाल श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य ने भी पुष्प माला, शाल, श्रीफल भेंट करके राजेश्री महन्त जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- आचार्य पांडे जी इस छोटे से गांव में खेल- कूद कर बड़े हुए हैं, अब वे न केवल गरियाबंद जिले में बल्कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारतवर्ष में सनातन धर्म के ध्वजवाहक के रूप में सेवा कर रहे हैं, यह गौरव का विषय है। उन्होंने पांच दिवसीय श्री भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के माध्यम से यह बता दिया कि रथ यात्रा कैसी होनी चाहिए प्रत्येक दिवस अनेक तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए हैं, इस कार्यक्रम में मुझे भी आने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ यह प्रसन्नता का विषय है। आचार्य पांडे जी ने कहा कि- हमारे गांव में परम पूज्य महाराज जी का आगमन हुआ यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है उनकी कृपा हम सभी पर निरंतर इसी तरह से बनी रहे यही प्रार्थना है। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए श्रद्धालु भक्तजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। हुए राजेश्री महन्त जी महाराज के साथ मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव एवं हर्ष दुबे विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कृषि छात्रों को मिला बीज प्रौद्योगिकी और भंडारण का व्यावहारिक ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर






इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कृषि से जुड़े तीन महत्वपूर्ण संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण कर कृषि व्यापार और प्रबंधन की गहराइयों का अनुभव प्राप्त किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रें को वास्तविक व्यवस्थाओं से परिचित कराना था।राजिम स्थित कृषि उपज मंडी समिति में सचिव डीएस ध्रुव ने मंडी की कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने बताया कि किस प्रकार नीलामी प्रक्रिया द्वारा किसानों की उपज का क्रय-विक्रय होता है। इसके साथ ही,डिजिटल प्लेटफॉर्म ई नाम के माध्यम से कैसे पारदर्शी और तेज व्यापार संभव होता है, यह भी समझाया गया। इसके पश्चात छात्रें ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम मर्यादित का भ्रमण किया, जहां आर.सी. पटेल ने बीज ग्रेडिंग मशीन की जानकारी दी। उन्होंने बीजों की गुणवत्ता जांच,वर्गीकरण और निगम के कार्योर् जैसे बीज उत्पादन एवं वितरण प्रणाली के बारे में जानकारी साझा की। भ्रमण का अंतिम पड़ाव था छत्तीसगढ़ राज्य भण्डारण निगम, गरियाबंद, जहां बीएल अग्रवाल ने वेयरहाउस की संरचना और कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने बताया कि भंडारण में किस तरह की तकनीकी प्रक्रिया अपनाई जाती है, सैंपलिंग से गुणवत्ता जांच कैसे होती है? और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस)के माध्यम से कैसे अनाज आम जनता तक पहुँचता है। वही पर भंडारित कृषि उत्पादों पर ऋण सुविधा और प्रबंधन की जानकारी भी प्रदान की गई।छात्रें ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। इस भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक डॉ. पायल जयसवाल एवं डॉ. सुमन रावटे द्वारा किया गया।

पेज 11 के शेष...

#### नवापारा बस स्टैंड...

शहर के गणमान्य नागरिको ने यहां पदस्थ टीआई जितेंद्र असैया के खिलाफ अपनी भड़ास निकालते हुए तत्काल हटाए जाने की बात कही थी। बैठक के बाद भी टीआई के व्यवहार और कार्यप्रणाली में सुधार नही हुआ। पखवाड़े भर के भीतर कई जगह वाद-विवाद,लड़ाई झगड़ा और कई तरह की घटनाएं हुई इससे नागरिको में गहरा आक्रोश व्याप्त है। नागरिको ने पुलिस के उच्च अधिकारियो से शहर के विभिन्न संवेदनशील जगहो में पुलिस के जवानो की डयुटी लगाए जाने की बात कहते हुए पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाने कहा है। शहर में ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी टीआईके खिलाफ पूरा शहर एक हो गया है।

#### झरियाबाहरा मोड़...

है कि क्या हादसे की वजह तेज रफ्तार थी या खराब सड़क ने दुर्घटना को न्योता दिया?

**पुलिस जांच में जुटी-** हादसे की सूचना मिलते ही देवभोग पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने में जुटी है। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और हादसे की पूरी गंभीरता से जांच की जाएगी।

#### बिना एचएसआरपी नंबर...

में शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 04 जुलाई शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बेलर (फिंगेश्वर) एवं 05 जुलाई 2025 शनिवार को ग्रामीण बैंक गरियाबंद में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ब्लाक मुख्यालयों में भी परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित की गई है, जिसमें नागरिक उपस्थित होकर अपनी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के संबंध में आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तरीय हेल्पलाईन नंबर 9981329779 से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन की आरसी बुक, आधार कार्ड (छायाप्रति) एवं मोबाईल नंबर प्रस्तुत कर आवेदन भी किया जा सकता है।

#### रसेला का साप्ताहिक...

और सब्जियां बेचने वालों ने कहा कि बाजार में बुनियादी सुविधाएं नदारद है। बारिश में हर सप्ताह बाजार में आने वाली महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि इस संबंध में ग्राम पंचायत में शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि साप्ताहिक बाजार को सुव्यवस्थित किया जाए, कीचड़ मुक्त बनाना जाए और जरूरी नागरिक सुविधाएं जैसे पीने का पानी एवं अन्य व्यवस्थ तुरंत की जाएं। ताकि बाजार की व्यवस्था दुरुस्त हो सकें। आम नागरिक इस कीचड़ युक्त साप्ताहिक बाजार में आकर ग्राम पंचायत को कोस रहे हैं।

#### विक्रय के लिए धान पंजीयन...

कर पंजीयन प्रक्रिया समयावधि में पूर्ण करा लेवें। गरियाबंद जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर 90 हजार 628 कृषकों का पंजीयन हो चुका है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले 79 हजार 439 कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया गया है तथा 25 हजार 6 कृषकों द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल गे पंजीयन नहीं कराया है। गरियाबंद जिले के कृषकों से अपील है कि ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार लिंक मोबाईल नंबर के साथ यथाशीघ्र अपने क्षेत्र के सहकारी समिति, पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर अपना पंजीयन आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान विक्री हेतु कर लिया जाना सुनिश्चित करें ताकि धान विक्रय करने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

#### कुपोषित बच्चों को सुपोषित...

सिन्हा, सीडीपीओ सहित पर्यवेक्षकगण मौजूद रहे।

**आंबा सहायिकाओं को पौष्टिक व उच्च गुणवत्ता के गर्म भोजन प्रशिक्षण के निर्देश-** कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर लक्ष्य निर्धारित कर कुपोषण की स्थिति में सुधार लाए। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन तथा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की कार्यरत एवं शेष रिक्त पदों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त गांव के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। शासन द्वारा पूरी तरह कुपोषण मुक्त पंचायत को एक लाख रूपये प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जयेगा। इसके लिए विभिन्न मापदण्डों को पूर्ण करना होगा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता के गर्म भोजन उपलब्धता के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में जिले में स्वीकृत, संचालित, निर्माणाधीन, अपूर्ण एवं अप्रारंभ आंगनबाड़ी भवनों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सखी सेन्टर, एनआरसी आदि कार्यक्रमो की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बाल कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों की जानकारी, किशोर बोर्ड न्याय की जानकारी, स्पॉन्सरशीप योजना की जानकारी, नवा बिहान शाखा, आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलपीजी गैस कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

#### जुआ खेलते 4...

और किरटी साव (55) सभी निवासी ग्राम खुटगांव थाना देवभोग जिला गरियाबंद बताया। गवाहों की उपस्थिति में आरोपियों के पास से कुल 1250 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए। पुलिस ने सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

थाना देवभोग पुलिस टीम की कार्रवाई सराहनीय रही। गरियाबंद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आस-पास जुआ, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों की जानकारी हो, तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या हेल्पलाइन पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## परसदा जोशी के आठ बच्चों का प्रयास विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (जोशी) के आठ बच्चों का प्रयास आवासीय विद्यालय परीक्षा में चयन होने पर शाला परिवार के साथ साथ ग्रामीणों ने हर्श व्यक्त कर बधाई दी है।प्रयास आवासीय विद्यालनय यह चयन जिसमें 9वी से 12वीं तक अध्ययन करने के लिए निशुल्क शिक्षा दी जाती है। चयनित होने वाले बच्चो में भीवेंद्र कुमार साहू,सुविज्ञ कुमार साहू, कुमारी मानसी साहू, कुमारी हेमलता धुरव, कुमारी तेजस्विता साहू, कुमारी मेघा साहू, कुमारी धनेश्वरी मल्होत्र,कुमारी भाग्यलक्ष्मी बंजारे शामिल हैं और एक बच्ची कनिका भारती का नाम प्रतीक्षा सूची में है। इस बच्चों की सफलता में प्रधान पाठक सालिक राम तारक, डेलेन्द्र कुमार साहू, चंदन लाल सोनी,ज्योति गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार साहू की बड़ी भूमिका रही बच्चों की इस उपलब्धि पर एबीओ हेमंत कुमार साहू,ग्राम सरपंच कुमारी गिनी बेन राज सोनी,उप सरपंच ज्ञानेश शर्मा, अध्यक्ष योगेंद्र साहू, नारायण प्रसाद साहू, जीवन साहू, बेनराज सोनी, भारत यादव, ताराचंद दिवाकर, गैंदु राम निषाद, बरातू भारती, दौलत साहू, ललित साहू, धनेश साहू, हार्दिक सोनी, तारा साहू, अंजलि बांधे शासकीय प्राथमिक शाला परसदा जोशी के शिक्षक गंगोत्री पालकर, विकास झा, प्रतिभा साहू, हिमांचल यादव, चेतन रात्रे, गिरजा उइके संकुल समन्वयक रामायण साहू, पूरनलाल के द्वारा बच्चों को इस सफलता पर बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। ज्ञात हो कि इतनी संख्या मे बच्चों का चयन होना इस बात का इशारा करता है कि उनके शिक्षकों के द्वारा इस परीक्षा की तैयारी कितनी मजबूती से कराया गया है।

### स्काउ्स-गाइड्स का वृहद पौधरोपण कार्यक्रम 7 को

**महासमुंद**। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य अध्यक्ष व सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंडों में एक साथ पौधरोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक में पौधरोपण किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। पौधरोपण की संक्षिप्त रूपरेखा तैयार करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, सुधा साहू, पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, मुख्यालय आयुक्त नंद किशोर सिन्हा, सहायक संचालक सतीश नायर, रामकुमार साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर की उपस्थिति में चर्चा की गई।

## परसदा जोशी में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





ग्राम परसदा जोशी में शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि मधुबाला रात्रे एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललित साहू की मौजूदगी में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ,सरपंच गिन्नी सोनी, उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा, ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू , राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, जितेंद्र पेंदरिया, नारायण साहू, प्रज्ञा साहू, गणेश विश्वकर्मा ,दौलत साहू थे। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिश साहू ने कहा कि विधायक रोहित साहू के प्रयास से विद्यालय परिसर में 8 लाख रुपए की लागत से भवन, 6 लाख रूपए से टीन शेड, और 3 लाख रूपए की लागत से शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है। शाला प्रबंधन समिति की अन्य आवश्यकता को लेकर कहा कि चेयर, मास्क लाइट एवं ओपन जिम की मांग को विधायक श्री साहू से स्वीकृति दिलाएंगे। जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने स्टील ग्रिल लगाने की घोषणा करते हुए स्कूल को और अधिक सुरक्षित बनाने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद गांव के सरपंच गिन्नी सोनी,उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बच्चो का मुंह मीठा कराया और पुस्तक वितरण किया। प्राचार्य श्री श्रीवास ने विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का संदेश दिया। बताया कि विद्यालय ने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 100% परिणाम देकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

## खबर संक्षेप



### पिपरौद में पौधा रोपण

**नवापारा-राजिम।** दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित पिपरौद के अध्यक्ष गोकुल यादव, सालिक साहू, किशन साहू, बिसन साहू, शेखर साहू, आधार साहू, डेरहा यादव, और सावंत कंवर ने फलदार पौधा रोपण किया।

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी विजय नंद पिता मारकंडे नंद (40 साल) जोगनीपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिंघनपुर में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बतया कि ग्राम सिंघनपुर निवासी उदेराम निषाद के साथ आरोपी ठाकुर राम निषाद, टोमेश निषाद के द्वारा सिंधौरी खार में खेत की जोताई की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। जिसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### माता-पिता से मारपीट

**महासमुंद।** अपनी मां और पिता से मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को धनेश्वरी मारकंडे निवासी ग्राम पंडरीपानी ने बताया कि 2 जून की रात करीबन 8 बजे उसके जीवराखन मारकंडे चिल्ला रहे थे, तभी उसका बेटा खोमन मारकंडे आया और जीवनराखन को तुम मुझे गाली गलौच कर चिल्लाी रहे हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, बीच बचाव करने पर प्रार्थिया के साथ भी मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**समस्या :** कांग्रेस का आरोप, कहा- प्रदेश में खाद-बीज की कालाबाजारी के कारण सोसायटियों में कमी

# कांग्रेस ने खाद और बीज की कमी को लेकर सहकारी समिति का घेराव कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खाद बीज की किल्लत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा गुरूवार को दोपहर 12 बजे जंगी रैली निकाल नारेबाजी करते कृषि सहकारी समिति का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए थे। कांग्रेसियों ने सहकारी समिति का घेराव कर राज्य के भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए हैं। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि खाद बीज की प्रदेश में कालाबाजारी हो रही है खुले बाजार में अधिक दामों में खाद बीज आसानी से मिल रहा है लेकिन सहकारी सोसायटियों में किसानों को पर्याप्त खाद बीज नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में खेती किसानी का कार्य पिछड़ते जा रहा है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज खाद बीज की समस्या को लेकर मैनपुर में काग्रेस द्वारा आंदोलन किया जा रहा है।

■ सुरक्षा के लिए थी पुलिस बल तैनात





**सरकार से छात्र, किसान, मजदूर, आम जनता और व्यापारी त्रस्त**

ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल ने कहा भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकारी छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों को परेशान कर रखी है। आज छात्र, किसान, मजदूर आम जनता व्यापारी सभी वर्ग के लोग सरकार के त्रस्त हो चुके है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, नेहाल नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रूपेन्द्र सोम, महानसिंह ध्रुव, तीव सोनी, रामभरोसा, लिकेश यादव, सरपंच खेलन दिवान, दुलेन्द्र नेगी, एनएसयुआई अध्यक्ष सोनू यादव, डोमार साहू, ठाकुर राम यादव, उवैस भटटी, लोकनाथ साहू, तनवीर राजपूत, पवन जगत, जाकिर रजा, बृजलाल सोनवानी, शांतु राम यादव, रोहन मरकाम, लोकेश सांडे, चरण यादव, सुकराम मांझी, खेलन साहू, गज्जू यादव, बृजलाल यादव, नीरा कपिल, सहदेव राम, सुकराम, चमरू राम नागेश, शिव कुमार, लकेश्वर नेताम, प्रभुलाल सोरी, हृदय ध्रुव, फागेश्वर नेताम, राकेश ठाकुर, लोचन नागेश, हरक मांझी एवं बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के आंदोलन के चलते बड़ी संख्या मे पुलिस के बल तैनात किये गये थे एसडीएम कार्यालय मैनपुर से पहुंचकर कांग्रेसियों का ज्ञापन को सौंपा गया।

**किसानों को डीएपी व महत्वपूर्ण खाद नहीं मिल पा रहा-** श्री ध्रुव ने आरोप लगाते हुए कहा की राज्य के विष्णुदेव सरकार गांव -गांव आसानी से शराब उपलब्ध करा रही है और प्रदेश की जनता को नशे में धकेल रही है। खरीफ धान का सीजन प्रारंभ हो गया है लेकिन मैनपुर क्षेत्र में किसानों को डीएपी व महत्वपूर्ण खाद नहीं मिल पा रहा है। किसान खुले बाजार से अधिक दामों पर खाद बीज खरीदने मजबूर हो रहे हैं। उन्होने कहा की क्षेत्र में किसान मक्का की फसल हजारो हेक्टेयर में लेते है और 75 प्रतिशत मक्का की बोआई पूर्ण हो चुका है किसान ओड़िसा से खाद और मक्का बीज अधिक दामों पर खरीदकर लाने मजबूर हो रहे हैं।

**जमीनी हकीकत से मुंह मोड रही है सरकार-** ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने कहा की किसानों की समस्या को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया जा रहा है एक सप्ताह के अंदर यदि खाद बीज उपलब्ध नहीं कराया गया तो उग्र आंदोलन करेंगें जिसकी सारी जवाबदारी राज्य सरकार की होगी श्री यादव ने कहा खाद बीज उर्वरक विशेष कर डीएपी और एनपीके की कमी पूरे प्रदेश में संकट है भाजपा सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जमीनी हकीकत से सरकार मुंह मोड रही है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश ने कहा वनांचल क्षेत्र मे किसान बेहद परेशान हो गये है गांव मे स्कूल भवनो का हालत खराब है बच्चे कही झोपड़ियो मे पढाई करने मजबूर हो रहे है तो कहीं व्यवस्था चरमाराई हुई है प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता की समस्या से कोई लेना देना है।

# शिक्षा ही सफलता की कुंजी : रिकेश

## बरोंडा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोंडा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू थे। उन्होने सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना के साथ विधिवत सरस्वती माता व भारत माता की छायाचित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर पुस्तक, ड्रेस वितरित किया। पुस्तक पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे में खुशी और मुस्कान साफ झलक रहा था। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार है और बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन दिशाहीन हो जाता है। सफल जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है और शिक्षा ही जीवन का आधार होता है। शिक्षा से हम समाज ,देश और प्रदेश के



विकास में योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी है। कहा कि हमें जीवन में लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए और इस लक्ष्य को पाने के लिए पूरा समर्पित भाव से मन लगाकर पढ़ाई करके हम अपना सपना पूरा कर सकते हैं। आप शिक्षा को समय दो शिक्षा आपको योग्य बना देगा! कार्यक्रम में भारत सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ,सरपंच धनशाय निषाद, डोमार ध्रुव, दानेंद्र सेन,छत्रपाल साहू, कृष्णा साहू, भारत निर्मलकर,कुलदीप घृतलहरे ,प्राचार्य ललिता अग्रवाल, एकता वर्मा, बादल साहू, चंद्रशेखर सोनकर, मुकेश साहू, उपसरपंच वंदना साहू, गोमती साहू, राजकुमारी चक्रधारी मौजूद थे।

# सरकड़ा स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सरकड़ा स्कूल में बच्चों के शाला प्रवेशोत्सव को धूमधाम से मनाया गया, जिसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दोहरे आयोजन में हर्षोल्लास और भावनाओं का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कक्षा पहली में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें खीर-पूरी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया और निशुल्क पाठ्यपुस्तकें व गणवेश प्रदान किए गए। ग्राम पंचायत सरकड़ा की सरपंच अमिता मनोज यदु ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिका लता सोनी ने सभी अतिथियों का स्वागत भाषण दिया।

**सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान**

कार्यक्रम के दूसरे चरण में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक केशव राम साहू और सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक शत्रुहन लाल साहू को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी यही दोनों शिक्षक थे। दिवंगत शिक्षक चैन सिंह दीवान की स्मृति में उनकी पत्नी देशोबाई दीवान प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। संकुल प्राचार्य पीतांबर सिंह ध्रुव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच अमिता यदु, पूर्व सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अरुण कुमार सिन्हा, सुरेश कुमार महाड़िक, मन्नू लाल यदु और संकुल समन्वयक दिनेश कुमार सोनी शामिल थे। अध्यक्ष पीतांबर ध्रुव ने तीनों सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों के शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं खुशहाल जीवन की कामना की। संकुल समन्वयक दिनेश सोनी ने भी उनके कुशल मार्गदर्शन से शाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में दिए गए योगदान को सराहा। पूर्व सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अरुण कुमार सिन्हा, मन्नू लाल यदु और सुरेश कुमार महाड़िक ने भी दोस्ताना अंदाज में गीत-कविताएं प्रस्तुत कीं और उनके बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए शिक्षा जगत में उनके 41 वर्षों के लंबे सफर में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। शाला परिवार की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह** प्रदान किए गए। स्कूली बच्चों ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सेन ने भी कार्यक्रम को लेकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका केसरी कुमारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शिक्षक संतोष कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर शिक्षक जयप्रकाश सिन्हा, शिक्षिका गिरजा मारकम, भुवनेश्वरी निषाद, महिला समूह की रसोइया, सफाई कर्मचारी, पालक गण, नवयुवक-युवती तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अभाविप ने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों को किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ राजेंद्र गदिया,डॉ के आर सिन्हा,डॉ विकास साहू का सम्मान तुलसी का पौधा भेंट कर किया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थी परिषद ने न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। नगर मंत्री दीपक साहू ने बताया कि 1 जुलाई को भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती होती है, जो देश के महान चिकित्सक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्हीं के सम्मान में भारत सरकार ने वर्ष 1991 से राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरूआत की। कहा कि चिकित्सक समाज में /"ईश्वरतुल्य/" स्थान रखते हैं, विशेषकर कोविड 19 जैसे संकट के समय में उनकी सेवा को कभी भुलाया नही जा सकता। नगर सह मंत्री दिपेश सेन ने कहा कि चिकित्सक केवल जीवन बचाने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे समाज में सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल भी पेश करते हैं। विद्यार्थी परिषद का यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और संस्कारित चेतना के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।/"नगर कोषाध्यक्ष अभिषेक कंसारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और तुलसी जैसे औषधीय पौधों का वितरण एक सार्थक प्रतीकात्मक पहल है। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र गदिया ने पर्यावरण संतुलन और पौधों की देखभाल पर जोर देते हुए सभी को उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में नगर एस.एफ.एस. प्रमुख आयुष रजक द्वारा सभी चिकित्सकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगर रा.से.यो. प्रमुख साहिल सोनी, नगर कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु साहू, राकेश साहू, सोम निर्मलकर, कुनाल साहू व रोहित साहू सहित विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पोंड़ स्कूल में धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शासकीय उच्चतर माध्यमिक, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पोंड़ में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा एवं वंदना से हुआ। अतिथियों के स्वागत में स्वागत नृत्य की प्रस्तुति बच्चों द्वारा दिया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों को निःशुल्क पाठयपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024- 25 में आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं, आठवीं, बोर्ड परीक्षा दसवीं, बारहवीं में संकुल स्तर पर प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित बच्चों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भी प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान किया। बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। ग्राम पोंड़ के सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा न्योता भोज दिया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कन्हैया जांगड़े, सरपंच भूपेश ध्रुव, उपसरपंच रमाकांत साहू, एम एल वर्मा,टी आर वर्मा, रमेश वर्मा, खेमचंद गिलहरे, चंद्रकांता वर्मा, गुलाब गिलहरे, ऐना बाई वर्मा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सेवाराम वर्मा, संकुल समन्वयक नागेन्द्र कंसारी, सुरेश तारक, कृपाराम महेश्वरी, प्रधानपाठक घनश्याम चेलक, बिसाहूराम साहू, रामनारायण साहू, रामनारायण जांगड़े ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की। उपस्थित अतिथियों,प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उदबोधन में बच्चों को प्रेरक बातें बताई एवं उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संचालन विजय रत्नाकर

**गोहरापदर स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया**

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए साय सरकार प्रतिबद्ध : गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहरापदर में गुरूवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन गोवर्धन मांझी द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमति छमनी बाई, उपसरपंच मेघराज बघेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष केनुराम यादव, प्राचार्य टीएस सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओ को मिठाई खिला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा पुस्तक वितरण किया गया। आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने सभी छात्र-छात्राओ की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा की शिक्षा मनुष्य के जीवन में बेहद आवश्यक है हमें माता- पिता स्कूल शिक्षा हासिल करने भेजते है हम सब की जिम्मेदारी है कि बेहतर शिक्षा हासिल कर माता- पिता परिवार क्षेत्र जिला और प्रदेश का नाम रौशन करे। श्री मांझी ने कहा की शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहां से बच्चो का संपूर्ण विकास आरंभ होता है छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य कर रही है कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे है यह हम सबकी जिम्मेदारी है। राज्य सरकार बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने निरंतर प्रयासरत है गणवेश, पाठ्य पुस्तक, मध्यान भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएं इसी दिशा में मजबूत कड़ी है।





**माता-पिता बच्चों को नियमित स्कूल भेजें**

ग्राम गोहरापदर के सरपंच छमनी बाई, उपसरपंच मेघराज बघेल ने कहा की सभी माता-पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजें शाला प्रवेश उत्सव केवल औपचारिकता नहीं बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुंचाने सशक्त माध्यम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से नरसिंह भाठी, अशोक नागेश, अर्जुन पोर्ते, चरण मांझी, महाविद्यालय के प्राचार्य टी एस सोनवानी, हाईस्कूल के प्राचार्य भुपेन्द्र तिवारी, नीरज बघेल, लालराम देवांगन, दयाराम मांझी, नम्रता चंद्राकर, केसरराम सिन्हा, गुलशन, राजेन्द्र देव साहू, सोहन साहू एवं बड़ी संख्या पालकगण व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

